कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

Email id: nodalofficerddn@gmail.com **Phone/Fax: 0135 2767611**

पत्रांक–481 /FP/UK/ROAD/146873/2021 :देहरादूनः दिनांक 18 अगस्त, 2022.

सेवा में,

वन संरक्षक,
यमुना वृत्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– जनपद देहरादून के अन्तर्गत विधानसभा विकासनगर के ग्राम हरपुर में मुख्य मार्ग से जूनियर हाईस्कूल की ओर सड़क निर्माण हेतु 0.1134 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।
ऑनलाईन प्रस्ताव संख्याः–FP/UK/ROAD/146873/2021

सन्दर्भः–आपकी पत्र संख्याः– 193/12–1 दिनांक 02.08.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में इस कार्यालय की पत्र संख्याः– 288/146873/2021 दिनांक 29/07/2021 तथा 1502/146873/2021 दिनांक 15/12/2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा विषयांकित प्रस्ताव में कतिपय अपूर्णताओं के निराकरण हेतु लिखा गया था, परन्तु आपके उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध कराए गए दो प्रस्तावों की हार्ड प्रतियाँ के परीक्षण करने पर पाया गया है कि बिन्दु संख्या 2, बिन्दु संख्या 3 एवं प्रपत्र–3 की प्रति अलग से प्रस्तुत किए गए हैं। जबकि बिन्दुवार प्रपत्र प्रस्ताव पर संलग्न कर बाईडिंग होने हैं, एवं इंगित अपूर्णताओं व प्रपत्र–7 SIR में प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है, अपूर्णताओं का पूर्ण रूप से निराकरण किए बिना ही प्रस्ताव पुनः इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है। यह स्थिति उचित नहीं है।

अतः प्रस्तावक विभाग अपने किसी प्रतिनिधि को इस कार्यालय में भेजकर प्रस्ताव प्राप्त करना सुनिश्चित करें, एवं अपूर्णताओं का पूर्ण निराकरण कर प्रभागीय वनाधिकारी/वन संरक्षक के माध्यम से परिपूर्ण प्रस्ताव तीन प्रतियों में **(मूल प्रति सहित)** इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

संलग्नः यथोपरि।

भवदीय,

(ए0के0 गुप्ता)
वन संरक्षक

संख्या :– / FP/UK/ROAD/146873/2021 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, चकराता वन प्रभाग, चकराता ।
2. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सहिया, देहरादून।

(ए0के0 गुप्ता)
वन संरक्षक